संख्या–861/33–3–2022–989/2021

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पंचायती राज, उत्तर प्रदेश।

पंचायती राज अनुभाग–3 लखनऊ:: दिनांक:: 05 मई, 2022

विषयः–स्मार्ट गांव के रूप में विकास विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मा0 मुख्यमंत्री जी की संकल्पना उत्तर प्रदेश के गांव को स्मार्ट गांव बनाने की है। प्रदेश के 58,189 ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय के स्थापना की कार्यवाही प्रचलित है। ग्राम पंचायत कार्यालय को ग्राम सचिवालय के नाम से स्थापित किया जा रहा है। गांव की जनता को विभिन्न विभागों से जिन दस्तावेजों/अभिलेखों/कागजात की आवश्यकता पड़ती है, उपरोक्त समस्त अभिलेख ग्राम सचिवालय में पंचायत सहायक/कॉमन सर्विस सेन्टर (C.S.C.) के माध्यम से प्राप्त हो सके, इसकी व्यवस्था भी बनायी जा रही है।

2. ग्राम पंचायतों में निवासरत ग्रामीण जनता की क्षमता का पूर्ण विकास व नई आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भरोसेमंद इण्टरनेट कनेक्टिविटी आवश्यक है। स्मार्ट ग्राम की उक्त परिकल्पना के दृष्टिगत शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय कार्यालय को हाई स्पीड विश्वसनीय इण्टरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध करायी जाए, साथ ही ग्राम सचिवालय भवन के 50 मीटर के दायरे (रेडियस) में ग्रामीण जन के लिए फ्री वाई–फाई की सुविधा उपलब्ध करायी जाए।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त के सम्बन्ध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Manoj 5.5.22
( मनोज कुमार सिंह )
अपर मुख्य सचिव।